**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**07.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## आज के मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री ने कहा–शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है सरकार– 50 मेधावी विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण के लिए किया रवाना।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा के तहत देशभर के विद्यार्थियों के साथ करेंगे बातचीत।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर विकास कार्य ठप्प करवाने का लगाया आरोप।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा– राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएगी पार्टी–प्रदेश कार्यकारिणी का जल्द होगा गठन।

## भ्रमण

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में सरकारी स्कूलों के 50 मेधावी विद्यार्थियों को कम्बोडिया और सिंगापुर के भ्रमण के लिए रवाना किया। ये बच्चे वहां की संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों, वास्तु कला, विज्ञान और तकनीकी विकास को जान पाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी–––

डिस्पैच–– प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार है जब सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण पर भेजा गया है। इनमें 11वीं और 12वीं कक्षा के वे विद्यार्थी शामिल हैं जिन्होंने 10वीं कक्षा में टॉप किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन बच्चों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि मेधावी बच्चों के सर्वांगीण विकास और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिये सरकार ने विदेश भ्रमण करवाने का निर्णय लिया है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर इन बच्चों के साथ अभिभावक के रूप में विदेश भ्रमण पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों के बच्चों को विदेश भ्रमण करवाने का निर्णय मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम है। आकाशवाणी से बातचीत में विदेश भ्रमण को लेकर ये बच्चे बेहद खुश दिखे।

कम्पोडिया और सिंगापुर के दौरे के बाद ये बच्चे 17 फरवरी को स्वदेश लौटेंगे। प्रादेशिक समाचारों के समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश।

## परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को सुबह 11 बजे देश भर के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा के तहत बातचीत करेंगे। इस दौरान देशभर के 36 विद्यार्थी प्रधानमंत्री से सीधे संवाद करेंगे। दूरदर्शन और आकाशवाणी सहित कई प्लेटफार्मों पर इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस दौरान नरेन्द्र मोदी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन सहित व्यक्तिगत विकास पर मार्गदर्शन देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा है कि परीक्षा पे चर्चा एक नए और जीवंत स्वरूप में वापिस आ गई है।

## सिकंदर कुमार

सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने आज राज्य सभा में हिमाचल में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत सामाजिक रूप से वंचित समूहों के सदस्यों को वैतनिक रोजगार देने का मामला उठाया। इसके जवाब में केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने बताया कि इस योजना में अध्येतावृति रोजगार का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि इस योजना में आरक्षित वर्गों सहित अन्य अभ्यर्थियों को अन्य वित्तीय लाभ प्रदान किए जाते हैं।

**इंदू गोस्वामी**

राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी ने नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट कर हिमाचल के लिए केन्द्रीय बजट में उदार धन राशि आबंटित करने पर उनका आभार जताया। उन्होंने हिमाचल की रेल परियोजनाओं के बजट में बढ़ौतरी करने, बैजनाथ व पपरोला सहित चार रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन विकसित करने के लिए पर्याप्त धन राशि का प्रावधान करने और जल जीवन मिशन की अवधि बढ़ाने के लिए भी केन्द्रीय वित्त मंत्री का धन्यवाद किया।

**विधानसभा उपाध्यक्ष**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने आज सिरमौर ज़िले के नागरिक अस्पताल ददाहू में 10 लाख रूपये से स्थापित एक्स–रे प्लांट का लोकार्पण किया। इससे क्षेत्र की लगभग 30 पंचायतों के लोगों को एक्स–रे की सुविधा मिलेगी। विनय कुमार ने कहा कि अब लोगों को एक्स–रे करवाने के लिए नाहन या दूसरे शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ददाहू अस्पताल को अल्ट्रासाउंड मशीन भी जल्द ही उपलब्ध करवा दी जाएगी।

**भेंट**

सिराज विधानसभा क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज शिमला में मुख्यमंत्री से सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट कर बालीचौकी में भवन व सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का उप कार्यालय खोलने पर उनका आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने जंजैहली में सब्जी मंडी स्वीकृत करने के लिए सरकार का धन्यवाद किया और इसके लिए जल्द भूमि उपलब्ध करवाने का जल्द आश्वासन दिया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वे जल्द ही सिराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश में विकास कार्य ठप्प होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली कांग्रेस सरकार ने विकास के सभी काम बंद पड़े हैं और कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भी भुगतान नहीं किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भुगतान न होने से मैडिकल डिवाइस पार्क का काम भी एक महीने से रूका हुआ है जबकि इस परियोजना को इस वर्ष मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों को झूठा प्रचार करने के बजाए जमीनी स्तर पर हकीकत में विकास कार्य करने की सलाह दी है।

**युवा कांग्रेस**

प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष छत्र सिंह ठाकुर ने आज शिमला में अपना कार्यभार संभाला। इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी इस मौके मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने में युवा कांग्रेस की अहम भूमिका है और छत्र सिंह के नेतृत्व में युवा कांग्रेस बेहतर कार्य करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवा कांग्रेस के साथ मिलकर राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी का गठन भी शीघ्र कर लिया जाएगा।

**राजीव बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि अगले वित्त वर्ष के बजट से देश के सभी क्षेत्रों का विकास संभव होगा और इस बजट में देश को विकास की दिशा में आगे ले जाने के लिए अनेक प्रावधान किए गए हैं। बिंदल ने कहा कि आम बजट से कर्मचारियों, किसानों, छोटे व्यापारियों, युवाओं और महिलाओं का विशेष लाभ मिलेगा।

**खेल**

उत्तराखंड के रूद्रपुर में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल की महिला हैंडबॉल टीम ने आज उत्तराखंड की टीम को पराजित किया। हिमाचल की टीम ने 45 जबकि उत्तराखंड की टीम ने मात्र 6 गोल किये।

प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम की मुख्य कोच स्नेहलता और कोच मनोज कुमार ने इस जीत के लिये खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री ने कहा–शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है सरकार– 50 मेधावी विद्यार्थियों को विदेश भ्रमण के लिए किया रवाना।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा के तहत देशभर के विद्यार्थियों के साथ करेंगे बातचीत।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर विकास कार्य ठप्प करवाने का लगाया आरोप।
- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा– राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएगी पार्टी–प्रदेश कार्यकारिणी का जल्द होगा गठन।